PlanetRead
Literacy for a Billion

Movie: Mera saya
Year:1966

Song: Naino walene mera dil luta
Lyricist: Raja Mehdi Ali Khan

नैंनो वाली ने हाए मेरा दिल लूटा
नैंनो वाली ने भोली भाली ने
इक मतवाली ने हाए मेरा दिल लूटा
नैंनो वाली ने भोली भाली ने
दिल मेरा दिल लूटा मेरा दिल लूटा
दिल मेरा हाए हाए हाए हाए
नैंनो वाली ने हाए मेरा दिल लूटा

हाए
ऐसे में तेरी आवाज कहीं से आई
जैसे पर्वत के जिगर चीर के झरना फूटे
या जमीनो कि मुहब्बत तड़पकर नाहदा
आसमानों से कोई शोख़ सितारा टूटे

मुस्काती इठलाती गाती आई जुल्फें खोले
मुस्काती इठलाती गाती आई जुल्फें खोले
कोयलिया चुप हो जाए जब उसकी पायल
बोले
मुझे दिखा के प्यार भरे दो नैंना भोले भोले
नैंनो वाली आहा नैंनोवाली
इक मतवाली ने हाए मेरा दिल लूटा
नैंनो वाली ने हाए मेरा दिल लूटा

पूरी होगी उनकी हर फरमाईशें
एक भी हमसे ना टाली जाएगी
आ पड़ा है आशिकी से वास्ता
अब तबीयत क्या सँभाली जाएगी
प्यार के कैदी जरा सँभल जा

कैद में उसकी जो आ जाए
वो कैदी ना छूटे
कैद में उसकी जो आ जाए
वो कैदी ना छूटे
लाखो बंधन टूटे लेकिन
ये बंधन ना टूटे
नींद चुराली मुझसे करके वादे झूठे झूठे
भोली भाली
हाए
भोली भाली
नैंनो वाली ने हाए मेरा दिल लूटा
नैंनो वाली ने हाए मेरा दिल लूटा

चुप क्यूँ है
ना जाने आज मैं
क्या बात कहने वाला हूँ
ज़बान खुश्क है
आवाज रूक सी जाती है
अगर मुझसे प्यार होता
तो यूँ ना कहते
तो क्या कहता

नाज़ों अदा से चाँद के आगे
घूँघट जब सरकाए
नाज़ों अदा से चाँद के आगे
घूँघट जब सरकाए
चाँद तड़प कर उसके गोरे
कदमों पर गिर जाए

Literacy for a Billion

तारे पूछे हुआ हैं क्या
तो चाँद ये बोले हाए

नैंनो वाली हाँ नैंनो वाली
इक मतवाली ने हाए मेरा दिल लूटा
नैंनो वाली ने ओ भोली भाली ने

दिल मेरा दिल लूटा मेरा दिल लूटा
लूटा दिल मेरा हाए हाए हाए हाए
नैंनोवाली ने हाए मेरा दिल लूटा
नैंनोवाली ने हाए मेरा दिल लूटा
नैंनोवाली ने हाए मेरा दिल लूटा

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.